**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1428**
**उत्तर देने की तारीख 4 दिसम्बर, 2024**

**ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में दूरसंचार संपर्क**

**1428. डॉ. भोला सिंह:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में विशेषरूप से बीएसएनएल और एमटीएनएल जैसे राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों के माध्यम से दूरसंचार संपर्क में सुधार करने के लिए कदम उठा रही है;

(ख) यदि हां, तो शुरू की गई परियोजनाओं और की गई प्रगति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने सभी के लिए वहनीय पहुंच सुनिश्चित करने हेतु 5जी सेवाओं को राष्ट्रव्यापी रूप से शुरू करने के लिए विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

**(क) और (ख)** ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में दूरसंचार कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए, सरकार डिजिटल भारत निधि (पूर्व में यूएसओएफ) के तहत विभिन्न परियोजनाएं लागू कर रही है। बीएसएनएल को सौंपी गई ऐसी परियोजनाओं में 4जी सेचुरेशन, बॉर्डर आउट पोस्ट्स (बीओपी)/बॉर्डर इंटेलिजेंस पोस्ट्स (बीआईपी), वामपंथी उग्रवाद (चरण-I) उन्नयन और लक्षद्वीप द्वीपसमूह में दूरसंचार अवसंरचना का संवर्धन शामिल है।

**(ग) और (घ)** दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने न्यूनतम रोलआउट दायित्वों से अधिक 5जी सेवाओं का विस्तार कर लिया है। देश के लगभग सभी जिलों में 5जी सेवाएं शुरू कर दी गई हैं।

*******